## HINDI

**Paper 2**

(*Two Hours*)

***Answers to this paper must be written on the paper provided separately.***

*You will NOT be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*Answer five questions from* ***three*** *books only.*

*You must answer at least* ***one*** *question from each of the* ***three*** *books you have chosen.*

किन्हीं तीन पुस्तकों में से केवल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

चुनी हुई तीन पुस्तकों में से एक-एक प्रश्न का उत्तर देना अनिवार्य है ।

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## गद्य सौरभ

**Question 1**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

[illegible] कहा, यह तुममें बड़ी बुरी आदत है कि हर काम में टोक देती हो । हमसे बड़े-बड़े सीख [illegible] क्या हम न सीख सकेंगे ? और पहले तो शायद सीखते या न सीखते, मगर अब जब तुमने टोका [illegible] सीखेंगे । तुम भी क्या कहोगी ?''

**(i)** लेखक साइकिल चलाना सीखना क्यों चाहते थे ? [4]

**(ii)** साइकिल चलाना सीखने की बात वे किसी को बताना क्यों नहीं चाहते थे ? उन्हें पत्नी को यह रहस्य क्यों बताना पड़ा ? [4]

**(iii)** साइकिल चलाना सीखने के पहले ही दिन कौन-सी घटना घटी ? इस घटना का सीखने पर क्या प्रभाव पड़ा ? [4]

**(iv)** साइकिल चलाना सीखने के लिये लेखक ने क्या-क्या इन्तजाम किये थे ? [4]

---

**This paper consists of 6 printed pages.**



© Copyright Reserved

**Turn Over**

### Question 2

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

''मानस में भूकंप उठा था और भूकंप क्या—कोई धरती थोड़े ही हिली थी, आकाश थोड़े ही काँपा था, एक तेजस्वी पुरुष का अनुभव ही वह भूकंप था, जिसने मुझे हिला दिया । वे तेजस्वी पुरुष थे स्वर्गीय पंजाब-केसरी लाला लाजपतराय ।''

**(i)** 'मानस में भूकंप' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? इसके आने से पहले उसका सोचने का तरीका कैसा था ? [4]

**(ii)** 'लाला लाजपतराय' के सम्बन्ध में लेखक के क्या विचार हैं ? अपने शब्दों में लिखिए । [4]

**(iii)** उनके किस अनुभव ने लेखक को झकझोर कर रख दिया ? लेखक ने उनके इस अनुभव से क्या सीखा ? [4]

**(iv)** 'इस अनुभव' की छाया में लेखक 'एक नागरिक के रूप' में अपने कर्त्तव्य को क्या समझता है ? [4]

### Question 3

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

''निस्संदेह वह गाली उसके बाप पर पड़ती थी । मुझे कुछ हँसी आ गई ? खैर किशोर के व्यवहार को अच्छा नहीं कहा जा सकता, पर गृहस्वामी होने के कारण मुझ पर कुछ और गंभीर दायित्व भी थे । मैंने उसे समझाया—बहादुर, ये आदतें ठीक नहीं ।''

**(i)** बहादुर का परिचय दीजिए और बताइए कि वह लेखक के घर में कैसे आया ? [4]

**(ii)** बहादुर के घर में आने से घर में किस तरह का आराम हो गया ? [4]

**(iii)** बहादुर के साथ किशोर का व्यवहार कैसा था ? आज उसके साथ क्या हुआ था ? [4]

**(iv)** ''मुझ पर कुछ और गंभीर दायित्व भी थे ।'' से लेखक का क्या तात्पर्य है ? उसने अपने इस दायित्व का निर्वाह कैसे किया ? [4]

## चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

### Question 4

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

''परन्तु मुझे आश्चर्य तो इस बात पर है कि मगध-सम्राट समुद्रगुप्त पिछले तीन महीनों से बीमार हैं लेकिन उनकी बीमारी की सूचना मगध के युवराज चन्द्रगुप्त को नहीं दी गई ।''

**(i)** उपर्युक्त कथन के वक्ता और श्रोता का संक्षिप्त परिचय दीजिए । [4]

**(ii)** ये दोनों कहाँ से आ रहे हैं और कहाँ जा रहे हैं ? इनकी यात्रा का क्या उद्देश्य है ? [4]

**(iii)** इन दोनों के अनुसार सूचना न मिलने के क्या-क्या कारण हो सकते हैं ? [4]

**(iv)** सूचना न देने के वास्तविक कारणों का पता उन्हें कब और किस तरह लगता है ? [4]

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

"ध्रुवस्वामिनी और देवसेना के ये शब्द उनके मन में हथौड़े की तरह चोटें कर रहे थे ? उनका सारा शरीर क्रोध से अंगारे की तरह धधक रहा था ।''

**(i)** ध्रुवस्वामिनी और देवसेना कौन हैं ? उनका संक्षिप्त परिचय दीजिए । [4]

**(ii)** इन दोनों के मध्य क्या वार्तालाप चल रहा था ? यह वार्तालाप कब और कहाँ हो रहा था ? [4]

**(iii)** इन दोनों के शब्दों ने किसे क्रोधित कर दिया और क्यों ? क्रोध में उनके हृदय में किस तरह के विचार उठ रहे थे ? [4]

**(iv)** वे इन दोनों को किसी भी प्रकार का दण्ड क्यों न दे सके ? सकारण उत्तर दीजिए । [4]

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

"लेकिन यह विजय अधूरी है । सम्राट युवराज चन्द्रगुप्त और देवी ध्रुवस्वामिनी का सबसे बड़ा वैरी अभी भी जीवित है ।''

**(i)** उपर्युक्त कथन किसने, किससे, कब और कहाँ कहा है ? [4]

**(ii)** वक्ता किस विजय की बात कर रहा है ? यह विजय किसने और किस तरह पाई ? संक्षेप में बताइए । [4]

**(iii)** 'सबसे बड़ा वैरी' कौन है ? वह सबसे बड़ा वैरी क्यों है ? कारण सहित उत्तर दीजिए । [4]

**(iv)** 'सबसे बड़ा वैरी' कब और किस तरह मारा जाता है ? समझाते हुए लिखिए । [4]

## एकांकी संचय

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

"वे जो कहते हैं करना जानते हैं । उनके पास पैसा नहीं है, परन्तु उसके लिए वे किसी के सामने हाथ नहीं फैलाते । वे फौलाद के समान हैं, जो टूट जाता है पर झुकता नहीं ।''

**(i)** उपर्युक्त अवतरण में 'वे' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया गया है ? उस व्यक्ति विशेष की चरित्रगत विशेषताएँ बताइए । [4]

**(ii)** उपर्युक्त गद्यांश कहाँ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं तथा इस एकांकी का उद्देश्य समझाकर लिखिए । [4]

**(iii)** ऊपर लिखे हुए अनुच्छेद का वक्ता कौन है ? उसकी चारित्रिक विशेषताओं का चित्रण संक्षेप में कीजिए । [4]

**(iv)** अविनाश ने अपनी पत्नी को माताजी की अपेक्षाकृत अधिक महत्त्व क्यों दिया ? [4]

**Question 8**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

मैं जानता हूँ कि श्रमजीवियों को किस मुसीबत का सामना करना पड़ता है । ये पूँजीपति गरीब मजदूरों के कई-कई महीनों के वेतन रोक कर उन्हें भूखों मरने पर विवश कर देते हैं, स्वयं मोटरों में सैर करते हैं, शानदार होटलों में खाना खाते हैं और जब ये गरीब दिन रात परिश्रम करने के बाद अपनी मजदूरी माँगते हैं, तब उन्हें हाथ तंग होने का, कारोबार में हानि होने का अथवा कोई ऐसा ही दूसरा बहाना बनाकर टाल देते हैं ।

**(i)** उपर्युक्त अनुच्छेद कहाँ से लिया गया है ? इसका सन्दर्भ देते हुए लेखक का आशय स्पष्ट कीजिए । [4]

**(ii)** भूखों मरने के लिए कौन विवश हो जाता है और क्यों ? [4]

**(iii)** श्रमजीवी और पूँजीपति शब्दों का अर्थ लिखिए तथा इनकी जीवन शैली पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । [4]

**(iv)** कौन किसकी मुसीबत जानता है और इस सन्दर्भ में वह किसे निश्चिन्त रहने के लिए कहता है ? [4]

**Question 9**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

संसार से त्याग मिट जाये, सब स्वार्थी बन जाएँ । तब दूसरों को भी पता चलेगा कि अपने आप काम करके खाना कैसा होता है ?

**(i)** उपर्युक्त कथन किसने, किससे कहा है ? यह किस भावना से प्रेरित होकर कहा गया है ? [4]

**(ii)** 'त्याग' शब्द का अर्थ बताइए और यह भी स्पष्ट कीजिए कि त्याग के मिटने की बात कौन करता है, और क्यों ? [4]

**(iii)** स्वार्थी किसे कहते हैं ? यहाँ सबके स्वार्थी बनने की बात क्यों कही गयी है ? [4]

**(iv)** उपरिलिखित अवतरण कहाँ से लिया गया है ? इसके लेखक का नाम बताते हुए एकांकी उद्देश्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए । [4]

## कथा-कुञ्ज

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

किसी के घर मुण्डन हो, छठी हो, जनेऊ हो, शादी हो या गमी, बुआ पहुँच जाती और फिर छाती फाड़कर काम करती, मानो वे दूसरे के घर में नहीं, अपने ही घर में काम कर रही हों ।

**(i)** बुआ का परिचय दीजिए । [4]

**(ii)** बुआ के पति अपना अधिकांश समय कहाँ बिताते थे और क्यों ? पति की उपस्थिति में बुआ को क्या अनुभव होता था और क्यों ? [4]

**(iii)** बुआ दूसरों के घरों में जाने को उत्सुक क्यों रहती थी ? इस सम्बन्ध में उनके पति का क्या विचार था ? [4]

**(iv)** एकाकीपन दु:खदायी क्यों होता है ? यदि आपको अकेले रहना पड़े तो आप एकाकीपन को दूर करने के लिए क्या-क्या करेंगे ? [4]

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

उत्सव का प्रधान कृत्य समाप्त हो गया । महाराज ने मधूलिका को खेत का पुरस्कार दिया—थाल में कुछ स्वर्ण-मुद्राएँ । वह राजकीय अनुग्रह था ।

(i) वह कौन-सा उत्सव था ? इसका प्रधान कृत्य क्या था ? [4]

(ii) मधूलिका को राजकीय अनुग्रह क्यों दिया गया था ? उसका परम्परागत नियम क्या था ? [4]

(iii) मधूलिका ने स्वर्ण-मुद्राओं से भरे थाल को लेकर क्या किया और क्यों ? इससे उसके चरित्र की किस विशेषता का ज्ञान होता है ? [4]

(iv) प्रस्तुत कहानी का शीर्षक 'पुरस्कार' क्यों है ? इस कहानी के द्वारा लेखक क्या संदेश देना चाहता है ? [4]

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

"मैं तो देख रहा हूँ, शकुन्तला अब पहले वाली शकुन्तला रही ही नहीं ।''

(i) ऐसा कौन, कब सोच रहा था ? उसकी दिनचर्या किस प्रकार की थी ? [4]

(ii) शकुन्तला में पूर्व की स्थिति से अब क्या अन्तर आ गया था और क्यों ? [4]

(iii) इस कहानी के किन-किन पात्रों के चरित्र में क्या-क्या कमियाँ थीं ? [4]

(iv) प्रस्तुत कहानी के आधार पर बताइए कि परिवार में सुख-शान्ति बनाए रखने के लिए कौन-कौन सी बातें आवश्यक होती हैं ? [4]

## काव्य-कानन

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

नीलांबर परिधान हरित तट पर सुंदर है,
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है,
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन हैं,
बंदीजन खग-वृंद, शेषफन सिंहासन है,
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की
हे मातृभूमि, तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की

(i) प्रस्तुत पंक्तियों में वर्णित भारतवर्ष के सौन्दर्य का वर्णन कीजिए । [4]

(ii) 'बंदीजन' का क्या तात्पर्य है ? ऐसा कवि ने किसे कहा है और क्यों ? [4]

(iii) कवि ने भारतवर्ष को क्या कह कर सम्बोधित किया है और क्यों ? [4]

(iv) अर्थ लिखिए :-

परिधान, नीलांबर, मेखला, प्रवाह, मंडन, अभिषेक, पयोद, खग-वृंद । [4]

## Question 14

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

आरंजित हो, उषा सुन्दरी ने सुख माना ।
लोहित आभा-वलित वितान अधर में ताना ।।
नियति करों से छिनी, छपाकर की छवि सारी ।
उठी धरा पर पड़ी, सितासित चादर न्यारी ।।

**(i)** सुन्दरी कौन है ? वह कब, किस प्रकार, क्यों सुख मानती है ? [4]

**(ii)** अन्तिम पंक्ति का भाव स्पष्ट कीजिए । [4]

**(iii)** निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :-

आरंजित, लोहित, वितान, अधर, छवि, न्यारी, वलित, नियति । [4]

**(iv)** कवि का नाम लिखकर, कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए । [4]

## Question 15

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions **(i)** to **(iv)** that follow :—

पानी बाढ़ै नाव में, घर में बाढ़े दाम ।
दोऊ हाथ उलीचिए, यही सयानो काम ।।
यही सयानो काम, राम को सुमिरन कीजै ।
पर-स्वारथ के काज, शीश आगे धर दीजै ।।
कह 'गिरधर कविराय', बड़ेन की याही बानी ।
चलिए चाल सुचाल, राखिए अपनो पानी ।।

**(i)** कवि ने सयाना काम किसे कहा है और क्यों ? [4]

**(ii)** 'पर-स्वारथ' का क्या अर्थ है ? इसके लिए मनुष्य को क्या करना चाहिए एवं क्यों ? [4]

**(iii)** अन्तिम दो पंक्तियों का भावार्थ लिखिए । [4]

**(iv)** इस कुण्डली से आपको क्या शिक्षा प्राप्त हुई ? इसका मूल भाव क्या है ? [4]

THEEXAMPAPERS.COM
BY CHIRAG AGARWAL